हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 अगस्त 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान...



09 तिरंगा राष्ट्र के प्रति सम्मान व एकता की अभिव्यक्ति...



## खबर संक्षेप

### 30 अगस्त तक बढ़ाई गई फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराए। ताकि फसल नुकसानी के समय किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज ले जाना अनिवार्य है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करायें ताकि प्रतिकूल मौसम के कारण फसल नुकसान या उपज में कमी होने पर फसल बीमा योजना के तहत फसल नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### किसानों के बीमा खातों में राशि हस्तांतरित


**सीहोर।** राज्य सरकार हमेशा किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सोमवार को मध्यप्रदेश के 14 लाख 28 हजार 67 किसानों के 54 लाख 23 हजार 287 बीमा खातों में लगभग 1383 करोड़ रुपए की फसल बीमा राशि हस्तांतरित की गई है। किसानों के बीमा खातों में डाली गई यह राशि लगभग 3 वर्षों के अलग-अलग फसल बीमा की है। इसमें वित्त वर्ष 2023-24 के रबी फसल की बीमा राशि वर्ष 2024 की खरीफ फसल की बीमा राशि और वित्त वर्ष 2024-25 की रबी सीजन की विभिन्न फसलों की बीमा राशि किसानों के खातों में डाली गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह देश के अन्नदाता किसानों के प्रति संवेदनशीलता ही है कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष तक की फसल बीमा राशि पात्र किसानों को दे दी गई है। किसानों को गत तीन साल की फसल बीमा राशि की एकमुश्त सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का हृदय से आभार व्यक्त किया है। फसल बीमा की यह राशि का ऐसे समय में आना एक तरह से किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद मददगार है। किसानों को मिली बिमा राशि से कफी राहत मिलेगी।

### दिगंबर जैन समाज के चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन

# दान छपाकर नहीं छिपाकर करना चाहिए: गणधर मुनि विवर्धनसागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





किसी जरूरतमंद का सहयोग करने पर हमें दिखावा नहीं करना चाहिए। अभावग्रस्त लोगों की सहायता हमें गोपनीय रखना चाहिए, यही वात्सल्य भावना है। मंदिर और प्रवचन में जाने वाले लोग भावी भगवान है। हमारी भव्यतव्य शक्ति आगामी भव में हमें भगवान बना देगी। हमारे मन में सभी के प्रति कल्याण की भावना हो। संसार के सभी प्राणी सुखी हो यह भावना हमारी होना चाहिए। हमें विश्व मैत्री भाव रखना चाहिए। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धनसागरजी महाराज व मुनि श्री विश्वनायक महाराज जी ने प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि मोक्ष, सुख, संपदा जो धर्म होता है उसमें लगे हुए साधर्मी बंधुओं के प्रति वात्सल्य भाव होना चाहिए। जब हमारे मन में दूसरों को प्रति वात्सल्य भाव रहेगा तभी हम जीवन में सुख एवं शांति महसूस करते हैं। दूसरों के प्रति हमारी निर्मल भावनाओं के कारण ही हम शांति महसूस करते हैं। सभी के प्रति मैत्री भाव होना चाहिए यह वात्सल्य भाव से जुड़ा हुआ है। तीर्थंकर की सबके प्रति विशाल भावना रहती है।

उन्होंने कहाकि हम संसारी प्राणी पड़ोसी को दुःखी देखना चाहते हैं। जबकि हमारी सभी के प्रति कल्याण की भावना हो। संसार के सभी प्राणी सुखी हो। पूर्व के जमाने में राजा वेश बदलकर अपनी प्रजा का हाल जानते थे कि कोई हमारे राज्य में दुःखी तो नहीं है। महान पुरुषों में महानता के लक्षण होते हैं।अधम पुरूष में पाप के लक्षण होते हैं। मुनिश्री ने कहाकि दान छपाकर नहीं छिपाकर करना चाहिए। अभावग्रस्त, जरूरतमंद लोगों की सहायता हमें गोपनीय रूप से करना चाहिए। किसी का सहयोग करने पर दिखावा नहीं करना चाहिए। यहीं हमारी सामने वाले के प्रति वात्सल्य भावना है। उन्होंने कहा कि मध्यलोक से ही तीर्थंकर प्रकृति का बंध होता है। साधर्मी के प्रति हमें वात्सल्य भाव रखना है। प्रत्येक साधर्मी के मन में धर्म के भाव जगाना है। वात्सल्य अंग से ही हम साधर्मी को धर्म मार्ग पर लगा सकते हैं। जीवन में यदि कोई संभालना चाहे तो हमें उसके लिए निमित्त बनना चाहिए। वात्सल्य भाव हमारे परिचित के प्रति ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जगत के प्राणियों के प्रति होना चाहिए।

वात्सल्य भाव से ही हम मनुष्य पर्याय धारण कर सकते हैं।साधर्मी जन के प्रति मायाचारी रहित होकर वात्सल्य भाव होना चाहिए। वात्सल्य भाव को लेकर मुनि श्री ने गाय और बछड़े का दृष्टांत दिया और बताया कि गाय बछड़े को जन्म देती है और बछड़े की हर परिस्थिति में रक्षा करती है। गाय हमेशा अपने बछड़े पर ध्यान रखती है। गाय जानती है कि यहां बछड़ा भविष्य में मुझे कोई सहयोग नहीं करेगा। फिर भी वात्सल्य भाव अपने बछड़े पर रखती है। सांसारिक स्त्रियां अपने बच्चों पर इसलिए प्रेम करती है कि वहां बच्चा भविष्य में अपने काम आएगा। जबकि गाय में ऐसा नहीं होता है।

मुनिश्री ने कहाकि प.पू. गुरुदेव गणाचार्य विरागसागरजी श्रेष्ठ वात्सल्य गुण से परिपूर्ण थे। वे अपने शिष्यों के समक्ष नारियल के समान ऊपर से कठोर व अंदर से नरम थे। पूज्य गुरुदेव हम शिष्यों को प्रवचन के माध्यम से कमी व दोष को उजागर करते थे। गुरुदेव के 550 शिष्य हैं। धर्मात्मा साधमी से मोक्ष मार्ग में बढ़ते समय अगर कोई दोष आ जाए तो उसे एकांत में समझना चाहिए यही उपगुहन अंग है। उन्होंने बताया कि अनंतानंत सिद्ध परमात्मा हुए वह यही से सिद्ध हुए है। अशुद्ध आत्माओं में भी शुद्ध होने की शक्ति है। लेकिन हमने अपने भगवान बनने की शक्ति को भुला दिया है। हमारी भव्यतव्य शक्ति आगामी भव में हमें भगवान बना देगी। मंदिर में, प्रवचन में बैठने वाले जीव भावी भगवान है।

# ओवरटेक करते समय यात्री बस डिवाइडर से टकराई, 13 यात्री घायल

### मौके से बस चालक हुआ फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

इंदौर से बकतरा चलने वाली यात्री बस शिवानी बस सर्विस भैरुंदा के सेमलपानी जोड पर डिवाइडर से टकरा गई। घटना दोपहर 2:30 बजे के लगभग की है। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। हालांकि घटना में कोई भी यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल में मरीजों का इलाज जारी था। मौके से फरार बस चालक के खिलाफ पुलिस ने लापरवाही पूर्वक बस चलाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर से चलकर बकतरा की ओर जा रही यात्री MP. 37 P 1234 क्रमांक बस शिवानी बस सर्विस दोपहर 2:30 बजे के लगभग सेमलपानी जोड़ के समीप अचानक ही डिवाइडर से टकरा गई। बस में सवार यात्रियों के मुताबिक ड्राइवर के द्वारा बस को किसी अन्य वाहन से ओवरटेक किया जा रहा था। लेकिन ड्राइवर संतुलन नहीं रख सका और बस सीधे डिवाइडर से जा टकराई। इस घटना में लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए। यात्री बस के डिवाइडर से टकराने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा तो वहीं 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर आया गया। यात्री सालकराम, गोपाल राठौर ने बताया कि बस भरी हुई थी और ड्राइवर के द्वारा इस तेज गति के साथ चलाया जा रहा था। ड्राइवर सामने वाहन के आने पर अपनी गति पर अंकुश नहीं रख सका। जिसके चलते यह हादसा घटित हुआ। और बस चालक मौका देख भाग निकला। पुलिस बस चालक की तलाश में जुटी।

# निःशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

लोक स्वास्थ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय प्रशासन नगर पंचायत एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से बुधवार को आंगनवाडी केन्द्र वार्ड 04 में 30 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के लिए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में ब्लड प्रेशर डायबिटीज फैटी लीवर की जांच की गई। शिविर में सीएचओ बापूलाल लववंशी एएनएम महारानी तिलकर आशा सहयोगिनी आशा मित्तल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता राठौर सहायिका पुष्पा राठौड़ आशा कार्यकर्ता निशा मालवीय रवि मालाकार उपस्थित थे जिनके द्वारा निःशुल्क जांच की गई।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नागरिकों में देशभक्ति को जागृत करने एवं राष्ट्रीय तिरंगे झंडे के प्रति सम्मान प्रकट करने हेतु शासन निर्देशानुसार हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस थाना नलखेड़ा से नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंगलवार को पुलिस थाना नलखेड़ा द्वारा हर घर तिरंगा ,हर घर स्वच्छता,स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई जिस में पुलिस थाना से थाना प्रभारी नागेश यादव के साथ पुलिसकर्मी , मध्य प्रदेश विद्युत मंडल से श्री जाटव, स्वास्थ्य विभाग स्टॉप व नगर परिषद अधिकारी कर्मचारी आदि शामिल थे। हर घर तिरंगा रैली पुलिस थाना नलखेड़ा से शिवाजी चौराहे होते हुए माता मंदिर पर पहुंची जहां पर तिरंगा रैली का समापन हुआ हुआ।





### रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा लगाने और हर घर स्वछता हेतु किया जागरूक



**कानड़।** स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों संचालित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली के माध्यम से हर घर सम्मान से तिरंगा फहराने और हर घर गली मोहल्लों को स्वच्छ रखने हेतु लोगों को जागरूक किया।यात्रा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के नारे लगाते हुए शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न वार्डों में होते हुए नवीन बस स्टैंड पर समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक मधु गहलोत,सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव सिंह चौहान,मंडल अध्यक्ष अंतर सिंह, जिला पंचायत सदस्य मुकेश केलकर, थाना प्रभारी राजकुमार दांगी, कन्या शासकीय स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बने सिंह चौहान, ओमप्रकाश पालीवाल, रमेश सूर्यवंशी, कालू सिंह बीजापारी, विजयलक्ष्मी माली, मंगू भाई आर्य,दिनेश अंकल,आदि गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु, व्यापारी संघ, समस्त शासकीय/अशासकीय कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग ,नगर परिषद कानड के कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी एवं सामाजिक संगठन आदि उपस्थित थे। उद्बोधन बाबूलाल बिजापारी, संचालन मुकेश आदि रहे मौजूद।

## अभियान के तहत बाइक रैली निकाल कर दिया स्वतंत्रता का संदेश

**बुधनी।** आजादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।एसडीएम दिनेश सिंह तोमर की उपस्थिति में प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाली दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर बाइक रैली ट्रैक्टर नगर होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी और महाराणा प्रताप चौराहा से होते हुए दशहरा मैदान पर कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर तहसीलदार ललित सोनी,एसडीओपी रवि शर्मा,थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी,जनपद सीईओ दिलीप जैन,नगर परिषद सीएमओ संतोष रघुवंशी,उपनि संदीप जाट,राजेश मालवीय बीआरसी मणिशंकर शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता और देशभक्ति का संदेश दिया।

# तिरंगा रैली निकाली, मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर के द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता हेतु तिरंगा रैली का आयोजन किया रैली को विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय एवं गणितज्ञ डॉ राजेंद्र देशमुख ने हरी झंडी दिखाकर आरंभ कियाऔर रैली में सहभागिता की तिरंगा रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा अटल चौराहा कोतवाली चौराहा मुख्य शहर से होते हुए शासकीय प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय सीहोर पहुंची तिरंगा रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे विद्यार्थियों के साथ-साथ शैक्षणिक स्टाफ से उत्कृष्ट शिक्षकगण जितेंद्र परमार धनेश कोरचे डॉ देवेंद्र साहू कुमेर सिंह मालवीय राजकुमार मेवाड़ा रामवृक्ष भारद्वाज संगीता भार्गव मंजू मालवीय लीला भिलाला रुतुजा मैडम बबली मालवीय भी रैली के साथ-साथ चल रहे थे।

महाविद्यालय के पास पहुंचकर उत्कृष्ट विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ स्वयंसेवक एवं विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला के जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया सभी हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगा रहे थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीहोर विधायक माननीय सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष माननीय प्रिंस राठौर जिलाधीश महोदय जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीहोर पुलिस को कंडम एफआरबी वाहनों से चलाना होगा काम, मिलेंगी सिर्फ 5 हाईटेक गाड़ियां

# पुलिस की इमरजेंसी सेवा 15 अगस्त से डायल 100 की जगह होगी डायल 112

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

15 अगस्त से मध्यप्रदेश सहित जिले में भी पुलिस की इमरजेंसी एफआरसी सेवा में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। 15 अगस्त से डॉयल 100 के नाम से पहचान रखने वाली यह सेवा डॉयल 112 के नाम से जानी जाएगी। हालांकि जिले में इस सेवा का नाम ही बदला जा रहा है, गाडियां नहीं। इस बदलाव के अंतर्गत जिले को महज 5 हाईटेक गाड़ियां मिलेंगी, जबकि पुलिस को शेष पुरानी 20 गाड़ियों से ही काम चलाना होगा। इस तरह जिले में कुल एफआरबी की संख्या बढक़र 25 हो जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश भर में डॉयल 100 सेवा में बदलाव किया जा रहा है। 15 अगस्त से यह सेवा डॉयल 112 के रूप में जानी जाएगी। जिले में भी इस सेवा में विस्तार भी हो रहा है। सुविधाओं से लैस पांच अतिरिक्त वाहन मिलने जा रहे हैं। इन वाहनों में वायरलेस सिस्टम, बीकन लाइट, मोबाइल डेटा टर्मिनल, डैशबोर्ड कैमरा, बॉडी वॉर्न कैमरा, टूल किट और स्ट्रेचर जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

### रिस्पॉन्स टाइम में होगा सुधार

डायल 112 सेवा का सबसे बड़ा फायदा रिस्पॉन्स टाइम में होने वाला सुधार है। शहरी क्षेत्र अंचल में यह सेवा कम समय में निर्धारित पाइंटों पर पहुंच जाएगी। शहरी क्षेत्र में रिस्पांस समय 20-25 मिनट से घटकर 15-20 हो जाएगा, जबकि अंचल में भी 30 मिनट से घटकर 20-25 मिनट हो जाएगा। इससे आपात स्थिति में लोगों को तत्काल सहायता मिल सकेगी। शहरी क्षेत्रों में स्कॉर्पियो और ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो नियो प्लस जैसी गाडियां चलाई जाएंगी, जो गांव के दुर्गम रास्तों से निकलकर आसानी से घटना स्थल तक पहुंच सकेंगी।

### पांच नई गाड़ियां मिलेंगी

एफआरबी प्रभारी सुनील जायसवाल ने बताया कि डॉयल 112 के रूप में जिले में पांच नए वाहन मिलेंगे। यह वाहन कोतवाली थाने के लिए दो, पार्वती के लिए एक, आष्टा के लिए एक और भैरुदा में एक शामिल रहेंगे। इस तरह जिले में एफआरबी की संख्या बढक़र 25 हो जाएगी। मालूम हो कि सीहोर पुलिस के पास जिले भर के लिए 20 एफआरबी वाहन है। जिले भर में लगातार सेवाएं देने के चलते यह वाहन कंडम हालत में पहुंच गए हैं। आए दिन इन वाहनों को किसी न किसी गैरेज पर खड़े होकर सुधरते देखा जा सकता है। बावजूद जिले में इन गाडिय़ों को बदला नहीं जा रहा है। हालांकि अच्छी बात यह है कि 5 अतिरिक्त गाडियां दी जा रही है, जिससे इनकी संख्या 25 हो जाएगी।

### जिले में डायल 100 के पाइंट

| | |
|---|---|
| एसएचआर-1 : अहमदपुर - चरनाल जोड़ | एसएचआर-11 : रेहटी : माली बायां |
| एसएचआर-2 : पार्वती - चौपाटी | एसएचआर-12 बुदनी : रेहटी तिराहा |
| एसएचआर-3 : आष्टा - भोपाल नाका | एसएचआर-13 : शाहगंज : शाहगंज चौराहा |
| एसएचआर-4 : दोराहा - कस्बा मेन रोड | एसएचआर- 14 : शाहगंज : बक्तरा बाजार |
| एसएचआर-5 : श्यामपुर - श्यामपुर | एसएचआर-15 : सिद्दीकगंज : खाचरोद |
| एसएचआर-6 : इछावर - दिवडिय़ा जोड़ | एसएचआर-16 : मण्डी : रेस्ट हाउस तिराहा |
| एसएचआर-7 : बिलकिसगंज : बिलकिसगंज जोड़ | एसएचआर-17 : कोतवाली : हाउसिंग बोर्ड |
| एसएचआर-8 : जावर : जावर जोड़ | एसएचआर-18 : कोतवाली : तहसील चौराहा |
| एसएचआर-9 : नसरुल्लागंज : छिंदगांव मौजी | एसएचआर-19 : मण्डी : सोया चौपाल |
| एसएचआर-10 : गोपालपुर : इटारसी जोड़ | एसएचआर-20 : बुदनी : मिडघाट |



**खबर संक्षेप**

### स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विषय पर हुआ व्याख्यान

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास बुधवार को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह अवसर पर प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, डॉ आरके मराठा ,डॉ दीप्ति ढबले, डॉ रश्मि ठाकुर, डॉ संजय सिंह बरोनीया, डॉ संजय गाडगें, डॉ सीमा सोनी, डॉ लता धुपकरिया ने मंच साझा किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना प्रो.खुशबू बैग ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ लता धुपकरिया ने अपने उद्बोधन में विस्तृत तरीके से तिरंगे के तीनों रंग ,अशोक चक्र महत्ता ,राष्ट्रीय सम्मान अधिनियम 1971 ,भारतीय ध्वज संहिता संशोधन अधिनियम 2002, 2022 की चर्चा की। आपने ऐतिहासिक व्याख्या करते हुए बताया कि हर घर तिरंगा अभियान की आवश्यकता क्यों है और इससे हम राष्ट्र प्रेम से कैसे जुड़ेंगे। स्वच्छता का महत्व समझाते हुए स्वच्छ भारत मिशन की व्याख्या की एवं स्वतंत्रता एवं स्वच्छता का आपस में क्या संबंध है पीपीटी के माध्यम से समझाया। आपने राष्ट्रीय गौरव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य को विकसित भारत का आधार बताया। प्राचार्य डॉक्टर एसपी एस राणा ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है एवं स्वास्थ्य का प्राथमिक आधार स्वच्छता है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हर घर तिरंगा का दिल से स्वागत करें और हमेशा अपने देश के लिए ईमानदारी और निष्ठा से समर्पित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी,युवा पर्यटन क्लब,इको क्लब व एनएसएस इकाइयों सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### नवीन भवन की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**देवास।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद द्वारा जिलाध्यक्ष आत्माराम परिहार के नेतृत्व में गिराये जा रहे एवं जर्जर स्कूल भवन की जगह नवीन भवन बनाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिले में कई स्कूल भवन गिरने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई बच्चें तो पढ़ाई छोड़ देते हैं। क्योंकि सभी शासकीय स्कूलो में गरीब एवं अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ही बच्चें पढ़ाई करते है जो कि प्रायवेट स्कूलो की भारी भरकम फीस जमा करने में असमर्थ रहते हैं और मजबूरी में पढ़ाई छोड़ देते है सरकार इस ओर कोई ध्या नही नहीं देती है यह सब प्रायवेट स्कूल वाले के दबाव में जानबूझकर कर शासकीय भवन शिक्षको की कमी करती हैं। संस्था अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद निवेदन करती है कि जर्जर भवनों की जगह नये भवन का निर्माण करे। सभी सुविधा बाउण्ड्री वॉल, शौचालय, खेल मैदान की व्यवस्था हो ग्रामीण क्षेत्रो में शासकीय भूमि खाली पड़ी हुई हैं। जिस पर निर्माण किया जा सकता है रख-रखाव और निर्माण लोक निर्माण विभाग व शिक्षा विभाग की टीम के द्वारा करवाया जाना चाहिये।

## तिरंगामय हुआ जिला, कलेक्टर के नेतृत्व में निकाली जिला स्तरीय तिरंगा रैली

**हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान**

# स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत जिले भर में निकाली तिरंगा रैलियां





### निकाली गई तिरंगा रैली में दिखा देश भक्ति का जज्बा, जमकर लगाए नारे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली/भौरासा

जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। अभियान के तहत आज देवास में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास से प्रारंभ हुई जो कि शहर के भोपाल चौराहा, नाहर दरवाजा, बड़ा बाजार, सुपर मार्केट, सुभाष चौक, एमजी रोड होते हुए सयाजी द्वार पर संपन्न हुई। रैली में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं एवं प्रबुद्धजन हाथों में तिरंगा लेकर जयघोष करते हुए निकल रहे थे। इस दौरान पूरा क्षेत्र तिरंगामय हो गया। इस दौरान राष्ट्रभक्ति की भावना राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान देखते ही बन रहा था। तिरंगा रैली में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन सामाजिक संगठन, उद्योग संगठन, व्यापारी संगठन, स्कूल, कॉलेज, खेल, शासकीय अधिकारी-कर्मचारीगण एवं देवास शहर के नागरिकों ने सहभागिता की। तिरंगा यात्रा का शहर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की कि हर घर तिरंगा अभियान में अपने घरों, कार्यालयों, और वाहनों पर तिरंगा फहराएं। यह आयोजन जिले में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा है, जिसमें तिरंगा प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और ध्वजारोहण समारोह शामिल हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली तिरंगा रैली

**बागली।** राज्य शासन द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का व्यापक स्तर से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएमओ डॉ. हेमन्त पटेल ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता ,स्वतंत्रता का उत्सव अभियान में तिरंगा रैली को हरी झंडी देकर बागली चिकित्सालय से रवाना किया जो शहर के प्रमुख मार्ग से होती हुई गांधी चौक पर पहुंची जहां डॉ.पटेल द्वारा भगत सिह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश सोलंकी, डॉ.पपीता सोलंकी, डॉ.अमित पुरोहित, डॉ. अंकित माहेश्वर , बीईई राधेश्याम चौहान, बीपीएम रतनसिंह जामले , बीसीएम यतिन्द्र बैरागी, बागली सेक्टर प्रभारी नन्द किशोर मोहवाल,' स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी,चिकित्सक,नर्सिंग स्टाफ, सभी सुपरवाईजर, सीएचओ, एएनएम , एमपीडब्लू 'एवं आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। तिरंगा रैली कार्यक्रम के दौरान डॉ.पटेल ने बताया की इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करना, जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। रैली में भाग लेने वाले सभी अधिकारियो, कर्मचारियो एवं कार्यकताओ के द्वार तिरंगें के साथ सेल्फी ली गई। रैली का समापन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर मे किया गया ।

### वन परिक्षेत्र ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन

**बागली।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बुधवार को वन परिक्षेत्र बागली द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई। तिरंगा यात्रा बागली फॉरेस्ट कैंपस से होकर बागली मुख्य बाजार शिवाजी चौराहा से नगर वन कैलाश नगर पर समाप्त हुई। यात्रा में वन परिक्षेत्र बागली के अधिकारी, कर्मचारी और पर्यावरण प्रेमी सहित लोगों ने भाग लिया। सभी लोग अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बागली ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश से प्रेम करना चाहिए और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण तथा पर्यावरण का महत्व भी बताया गया और उन्हें अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। वन परिक्षेत्र बागली के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस यात्रा ने स्थानीय समुदाय के बीच राष्ट्रवाद और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय काय किया। साथ ही सब रेंज कमलापुर में भी रेंजर सत्येंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बागली वन परिक्षेत्र अधिकारी गजानंद बिरला, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश मोदी, गोविंद सोलंकी, दिनेश बनेडिया, नेमीचंद विश्वकर्मा सहित समस्त वन स्टॉफ मौजूद रहा।

### करनावद में आयोजित हुई भव्य तिरंगा यात्रा

**चापडा।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर करनावद में संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय करनावद द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर में रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद द्वारा भी अभियान के अंतर्गत नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष परशराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सीएमओ अशोक परमार ,प्राचार्य नारायण मंडलोई शिक्षक राजेंद्र शर्मा की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों एवं नगरवासी सम्मिलित हुए। रैली में भारत माता के जयकारों के साथ हाथों में तिरंगा थामे रैली में सम्मिलित हुए। तिरंगा रैली नगर परिषद से प्रारंभ की गई जो कि नगर भ्रमण करने के दौरान पुनः नगर परिषद पहुंची। जहां पर उक्त अभियान के बारे में जानकारी देते हुए यात्रा का समापन किया गया।

### सेना के वीरों के पराक्रम में निकाली यात्रा

**भौरासा।** नगर के श्री खेड़ापति गढ़ी हनुमान मंदिर से क्षेत्रीय सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रभक्त अपनी बाइक पर तिरंगा लहराते हुए निकले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा के बाबा भंवरनाथ मंडल भौरासा द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। तिरंगा यात्रा नगर के श्री गढ़ी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के बस स्टैंड,एम. जी. मार्ग,बड़ा हनुमान चौक,आजाद चौक,छिपा पूरा,माली मोहल्ला होते हुए बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण पर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इसी कड़ी में बस स्टैंड पर लोधी समाज, छोटे हनुमान चौक में प्रेस क्लब द्वारा, नगर परिषद कार्यालय पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा, एवं पार्षद गणों द्वारा, बड़े हनुमान चौक में डॉ. रूप सिंह नागर सहित नगर भर मे स्वागत हुआ। वही मंदिर प्रांगण पर एक सभा के माध्यम से विधायक डॉ. सोनकर ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। सोनकर ने अपने उद्बोधन में भारतीय सेना के पराक्रम को बताया और जिस प्रकार भाजपा सरकार ने आतंकवाद को खदेड़ा है, आने वाले समय में बाकी जो बचा हुआ आतंकवाद हैं उसे भी भाजपा सरकार उखाड़ फेकेगी। आज भारत देश को किसी अन्य देशों के सामने अब गिड़गिड़ाना नहीं पड़ता हैं। ये आज का नया भारत हैं जिसकी तस्वीर आज भारत का बच्चा बच्चा देख रहा हैं । कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया एवं प्रमोद पालीवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन यात्रा संयोजक अश्विन जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत,जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह राजपूत,मनोहर सिंह पंवार, रजत पाल सिंह राजपूत, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दशरथ धाकड़, जिला कार्यलय मंत्री अनिल चावड़ा, सोनकच्छ मंडल महामंत्री संजय यादव, सरपंच सुमेर नागर, यशवंत सिंह राजपूत,नरेंद्र माली,रोहित जायसवाल,सचिन यादव आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी ने दी।

















**नगर भ्रमण पर शाही सवारी के रूप में निकले श्री मनकामनेश्वर महादेव**

# महादेव का मुखौटा रहा आकर्षण का केंद्र, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुराना बस स्टैंड स्थित प्राचीन कालीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर की भव्य शाही सवारी भादो मास में मोदी परिवार के तत्वावधान में धूमधाम के साथ सोमवार को निकाली गई। आयोजक ममता कुलदीप मोदी ने बताया कि स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित मनकामनेश्वर मंदिर पर सर्वप्रथम श्री मनकामनेश्वर महादेव का 111 विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से महा अभिषेक किया। तत्पश्चात विशेष श्रृंगार व महाआरती के साथ शाही सवारी की शुरूआत मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाथम उज्जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, ओम जोशी, भरत चौधरी, पार्षद दिव्या नितिन आहूजा, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, पार्षद विकास सांगते, मनीष सेन, रामदयाल यादव, नवीन सोलंकी, गणेश पटेल, मण्डल अध्यक्ष सचिन जोशी, सुरेश सिलोदिया, नीतु जाधव, पं. प्रशांत शर्मा, विरेन्द्र मुंदडा, शिवा चौधरी, पं. दीपेश कानूनगो, जीतु रघुवंशी आदि ने की। तत्पश्चात भक्तों का हालचाल जानने के लिए श्री मनकामनेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर निकले। शाही सवारी में पालकी में विराजित प्राचीन प्राण प्रतिष्ठित श्री मनकामनेश्वर महादेव का मुखोटा, रिद्धी-सिद्धी के दाता श्री गणेश की झांकी, भगवान भोलेनाथ की झांकी, अयोध्या में विराजित प्रभु श्रीराम की झांकी, बाबा खाटू श्याम का दरबार, प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण की मूर्ति, राज राजेश्वर भगवान परशुराम की मूर्ति, नृत्य करते हुए शिव-पार्वती, राधाकृष्ण की झांकी, बच्चों की झांकी, घोड़े, ढोल, भजन मण्डली के साथ बालिकाओं व मातृशक्तियों द्वारा की गई तलवारबाजी आदि आकर्षण का केन्द्र रही। सवारी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कवि कालिदास मार्ग, नयापुरा, शालिनी रोड़, जनता बैंक चौराहा, सुभाष चौक, तहसील चौराहा, नगर निगम, एबी रोड़, पीठा रोड़, तीन बत्ती चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। सवारी का कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों ने स्वागत



पुष्पवर्षा से किया। साथ ही जहां-जहां से सवारी गुजरी भक्तों ने घरों से निकलकर श्री मनकामनेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना व आरती कर दर्शन लाभ लिया। भगवान मनकामनेश्वर महादेव की महाआरती के साथ सवारी का समापन हुआ। तत्पश्चात भक्तों के लिए महाप्रसादी (भण्डारा) हुआ। जिसमें हजारो भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी भक्तों के साथ समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# वीर दुर्गादास जयंती पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में बुधवार को क्षत्रिय राठौर समाज द्वारा राठौर धर्मशाला से एक विशाल चल समारोह निकाला गया जिसमें घोड़े पर एक युवक को वीर दुर्गादास बना कर बैठाया गया। वही रथ बग्गी पर दुर्गा दास जी का चित्र रखा गया।

चल समारोह माली मोहल्ले से होते हुए चौधरी मोहल्ला, एमजी रोड, बड़ा हनुमान चौक, रपट, छोटा हनुमान चौक से बस स्टैंड होते हुए राठौर धर्मशाला पहुंचा। समाज के गौरव वीर योद्धा श्री दुर्गादास जी की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर सर्वप्रथम समाज जन द्वारा वीर दुर्गा दास जी के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर दीप प्रज्वलित किया गया व सभी समाज जनों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान नगर में जगह-जगह राठौर समाज के चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राठौर समाज के समाज जन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रास्ते में रोककर बाइक सवार से मारपीट

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम गेवरा निवासी घनश्याम लोधी पुत्र इन्दर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 अगस्त को शाम करीब 4 बजे वह अपनी मोटर साइकिल से ग्राम बिरधा पूराकलां निवासी विनोद पुत्र कैलाश लोधी को बैठाकर सामान लेने जा रहा था। तभी रास्ते में तालबेहट के ग्राम सरखड़ी निवासी अमर सिंह पुत्र लल्लू यादव ने तीन अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लातघूसों से मारपीट कर दी। इस दौरान जब विनोद ने उसे बचाया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गड्ढे में अनियंत्रित स्कूटी से गिरे दो भाइयों की मौत

**ललितपुर।** जिले के थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम गढ़ौली में बीती देर रात हुये एक दर्दनाक हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गयी, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल भतीजे को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम गढ़ौली निवासी 36 वर्षीय सवर सिंह राजपूत अपने चचेरे भाई रोहित राजपूत (25) और भतीजे राजीव (20) के साथ रात करीब 10 बजे जाखलौन से गांव लौट रहे थे। गढ़ौली-देवगढ़ मार्ग पर ग्राम कुचदौं के पास उनकी स्कूटी गड्ढे में गिर गयी, जिस कारण अनियंत्रित होकर तीनों स्कूटी सवार उछल कर दूर जा गिरे। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने किसी प्रकार घायलों के परिजनों को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सवर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया, तो वहीं कुछ समय पश्चात रोहित की हालत अधिक बिगड़ गयी और उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गयी। जबकि घायल भतीजे राजीव को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। परिजनों ने बताया कि सवर सिंह तीन बेटियों और एक बेटे के पिता थे। वह खेती-किसानी करते थे। रोहित मजदूरी करता था और उसकी शादी 6 महीने पहले हुई थी। तीनों काम से जाखलौन गए थे।

### महिला पर लगाया पुत्री के अपहरण का आरोप

**ललितपुर।** शहर के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बताया कि उसके मकान के पीछे रहने वाली मीरा सोनी पत्नी ब्रजबिहारी सोनी के यहां कन्या भोज का कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उसकी पुत्री गयी हुयी थी, जहां से वह वापस लौट आयी। आरोप है कि 11 अगस्त की रात करीब 8 बजे मीरा सोनी ने उसे फोन करके जान से मारकर फेंकने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि मीरा सोनी नाम की उक्त महिला ने उसकी पुत्री को अपने पुत्र अभिषेक के साथ भगवा दिया। जानकारी करने पर मीरा सोनी मारपीट पर आमादा हो जाती है। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने उसकी पुत्री का अपहरण किया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मीरा सोनी व उसके पुत्र अभिषेक सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कटरा बाजार डाकघर में सर्वर ठप

**ललितपुर।** कटरा बाजार स्थित उपडाकघर में पिछले पन्द्रह दिनों से सर्वर न आने के कारण कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। जमा-निकासी से लेकर अन्य डाक सेवाओं तक, सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के खाताधारकों, पेंशनभोगियों और अभिकर्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार, सर्वर की समस्या के चलते यहां आने वाले ग्राहकों को अपने जरूरी कार्यों के लिए रोजाना मुख्य डाकघर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई अभिकर्ताओं ने बताया कि बार-बार ग्राहकों को लौटाना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय बल्कि भरोसे पर भी असर पड़ रहा है। अभिकर्ताओं और ग्राहकों ने डाक अधीक्षक से जल्द सर्वर की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई।

नेहरू महाविद्यालय के तत्वावधान में निकाली तिरंगा यात्रा

# तिरंगा राष्ट्र के प्रति सम्मान व एकता की अभिव्यक्ति : प्राचार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय के तत्वावधान में आजादी के 79वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के लिए भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख चैराहों से तिरंगा हमारी आन बान और शान है के नारों के साथ शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें कतारबद्ध तरीके से हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहराकर चल रहे थे। सारा वातावरण देश प्रेम की भावना से सराबोर हो गया। छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापको, कर्मचारियों का अपने देश के प्रति एक अलग ही जोश दिखाई दे रहा था। तिरंगा रैली में प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि तिरंगा हमारी आजादी के गौरव का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा केवल प्रतीक के रूप में ही नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और गौरव की जीवंत अभिव्यक्ति है। आजादी देश के उन अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाती है, जिन्होंने देश को गुलामी की दासतां से मुक्त कराने में अपना सर्वत्र न्यौछावर कर दिया। आज उन्हीं अमर शहीदों की गाथा आने वाली पीढ़ियों में देशभक्ति का संचार करके राष्ट्र के प्रतित्याग, समपर्ण और सेवा की भावना का संदेश देती है। रैली में प्रो.आशा साहू, प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.ओ.पी. चौधरी, डा.सूबेदार यादव, डा.राजेश तिवारी, डा.सुभाष जैन, सुश्री श्वेता आनन्द, डा.दीपक पाठक, डा.प्रीति सिरौठिया, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.जितेन्द्र राजपूत, डा.रेनू चंदेल, डा.रजनी उपाध्याय, डा.रिचाराज सक्सेना, कविता पैजवार, डा.अभिलाषा साहू, डा.अनूप दीक्षित, डा.पराग अग्रवाल, संदीप श्रीवास्तव, डा.शैलेन्द्र सिंह चैहान, डा.जगवीर सिंह, डा.विनीत अग्निहोत्री, डा.वर्षा साहू, डा.रोहित वर्मा, राहुल पस्तोर, मनीष वर्मा, डा.ऊषा तिवारी, डा.विनोद कुमार, डा.हरीशचंद्र दीक्षित, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.अवनीश त्रिपाठी, डा.जगत कौशिक, इं.सौरभ श्रीवास्तव, धीरेंद्र तिवारी, अशेष नारायण द्विवेदी, डा.अमित सोनी, डा.संतोष सिंह, इं.विपिन शुक्ला, डा.सुनील शुक्ला, डा.राजीव निरंजन, डा.सत्यदेव, अतुल मिश्रा, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, हरीप्रसाद, धुरव किलेदार, राजीव गोस्वामी, दीपक रावत, जयंत चौबे, अंकित चौबे, रामसहाय सिरौठिया, संजय शर्मा, रमेश पाल, दीपक रावत, सुरेश पाल, हरदयाल, रामसेवक, राकेश कुमार, मिलन सेन, कमलेश कुमार, पुष्पेन्द्र तिवारी, हरिनारायण पाल, रोहित मिश्रा उपस्थित रहे।

### डीएफओ कार्यालय से निकाली तिरंगा यात्रा

**ललितपुर।** सामाजिक वानिकी प्रभाग कार्यालय से वंदे मातरम के नारों और देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा सामाजिक वानिकी प्रभाग कार्यालय से शुरू होकर, कलेक्ट्रेट मार्ग से होती हुई ललितपुर रेंज कार्यालय पर समाप्त हुई। प्रभागीय निदेशक गौतम सिंह के निर्देशन में उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सत्येंद्र तोमर द्वारा यात्रा का पथ संचालन किया गया। डीएफओ ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती है और लोगो को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियां के बारे में जागरूक करती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी भोला सिंह, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे, प्रधान सहायक ब्रजेन्द्र कुमार राठौर, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मनीष गौड़, वरिष्ठ सहायक रमेश पाल, रोहित श्रीवास्तव, सुनील कुमार, छोटेलाल, वन रक्षक उमराव प्रसाद, वन रक्षक संगीता, नेहा पंथ, अखिलेश पाल, आशीष रिछारिया, अजय पाखरे आदि मौजूद रहे।

सड़क पर थी कसाई मंडी

## दुकानें हटाई, मीट-मछली बाजार को टेल्को के पास जगह दी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका प्रशासक उपजिलाधिकारी ने आदेश देकर अतिक्रमणकारियों को निर्देश दिए कि वह सड़क पर नगर पालिका की पटरी से स्वयं कब्जा हटा लें अन्यथा कि स्थिति में नगर पालिका सुधार अतिक्रमण हटाओ के अभियान के तहत अवैध दुकानों को हटा देगी जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार के निर्देशन में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद व पालिका टीम द्वारा अभियान चलाकर कसाई मण्डी में मास, मीट, मच्छी, अण्डा का डिब्बा-खोखा, ठेला आदि रखकर व्यापार कर रहे अतिक्रमणकारियों को मौके से हटाया गया। अभियान के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा समस्त दुकानदारो को निर्देशित किया गया, इस दौरान टीम द्वारा अतिक्रमण किये हुए समस्त मास, मीट, मछली, अंडा आदि व्यवसायियों को वहां से हटाकर पालिका की पटरी को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार पुनः उक्त स्थल पर मास, मीट, मछली आदि का व्यवसाय करता पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध जुर्माना वसूली की कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट बेण्डर नीति के तहत समस्त दुकानदारो को शहर के बाहर दुकानें स्थापित किये जाने हेतु पालिका द्वारा टेल्को होटल के पास स्थान चिन्हित किया गया है, समस्त मास मीट दुकानदार शहर के बाहर ही मास, मीट, मछली आदि का व्यवसाय करेगें।

इस दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा सड़क पटरी पर भैंस, बकरी आदि बांधकर अतिक्रमण किया गया था, उन्हें भी पालिका द्वारा तत्काल प्रभाव से हटाते हुए हिदायत दी गई। अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने अतिक्रमणकारियों से कहा कि पालिका द्वारा जो स्थान चिन्हित किया गया है वह उक्त स्थल पर ही व्यवस्थित करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, नजूल लिपिक सुधीर रावत, पुरुषोत्तम कुशवाहा, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, धीरेन्द्र घावरी सहित पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासनादेश का हवाला देते हुए धारकों को चेताया गया

## तीन माह के अंदर ई-केवाईसी न कराने पर राशन कार्ड कर दिया जाएगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने बताया है कि जिले में उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से राशनकार्ड के मुखिया एवं सदस्यों की ई-के.वाई.सी. का कार्य किया जा रहा है किन्तु अभी तक 138810 मुखिया व सदस्य (0 से 05 आयु वर्ग के बच्चों को छोडते हुए) द्वारा ई-के.वाई.सी. नहीं करायी गयी है। डीएसओ ने शासनादेश का हवाला देते हुये बताया कि ऐसे सभी राशनकार्ड लाभार्थियों, जिनकी ई-केवाईसी कराएं जाने का कार्य अवशेष है, उनके सापेक्ष खाद्यान्न अग्रिम 03 महीनों के लिए निलम्बित करते हुए उनसे ई-केवाईसी सुनिश्चित करायी जाये अन्यथा की दशा में उनकी यूनिट उनके राशनकार्ड से निरस्त कर दी जायेगी, जिन राशनकार्ड लाभार्थियों द्वारा दी गयी समयावधि में ई-केवाईसी करा ली जाएगी, वे सभी अग्रिम माह के लिये खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु अर्ह होगे। डीएसओ ने जिले के सभी राशनकार्ड लाभार्थी जिनके द्वारा ई-केवाईसी नहीं करायी गयी है को निर्देशित किया है कि वह अपने उचित दर विक्रेता के यहां जाकर तत्काल ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। ई-केवाईसी नहीं कराने पर उनका खाद्यान्न अग्रिम 03 माहों के लिये निलम्बित हो जायेगा तथा तीन माह के अंदर ईकेवाईसी नहीं कराने पर उनके यूनिट उनके राशनकार्ड से निरस्त होंगे। समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि अवशेष राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी सुनिश्चित करें तथा नये राशनकार्ड से सम्बन्धित सभी सदस्यों (यूनिट) को अथवा प्रचलित राशनकार्ड में जोड़ी गई नई यूनिट को खाद्यान्न प्राप्त करने से पूर्व ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य होगा।

पेड़-पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया

## पर्यावरण साधकों ने ओशो फॉरेस्ट में किया आयोजन रक्षा पंचमी पर पेड़-पौधों को बांधे गए रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मॉर्निंग वॉक डैम ग्रुप गोविन्द सागर बांध के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बांध की तलहटी में स्थित ओशो फॉरेस्ट में रक्षा पंचमी के अवसर पर योग साधकों द्वारा पेड़-पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि बांध की तलहटी में लगे हुए पेड़ पौधे शहर के लिए ऑक्सीजन बैंक है।

एक संरक्षण करना और खाली पड़ी भूमि पर पेड-पौधे लगाये और और उन्हें बचायें। उन्होंने कहा कि बांध की तलहटी में विगत कई वर्षों लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी अनवरत रूप से पेड़-पौधों को लगाने, उनकी समय-समय पर निराई-गुड़ाई सिंचाई करते हुए उन्हें बचाने में अपनी सेवाएं दे रहें हैं। प्रेस क्लब महामन्त्री अमित सोनी ने कहा कि पेड़ मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं ये बचे रहेंगे तो हम सब बचे रहेंगे। अतएव कोई पेड़-पौधों को नुकसान न पहुंचायें यदि कोई नुकसान पहुंचाते हुए मिले, तो उसको रोकें और समझाये। इस दौरान लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, परवेज पठान, अनिल सैनी, आधार सिंह, युवराज बुन्देला, अनुराग तिवारी, अनुज यादव, कुशवाहाजी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

वज्रपात सुरक्षा कार्य समिति विद्यालयों में किया प्रदर्शन

## स्कूलों तथा चौपाल से लोगों को जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





वज्रपात सुरक्षा कार्य के तहत भारत सरकार द्वारा आई टीम द्वारा ग्रामों में समस्त स्कूलों तथा ग्राम पंचायत में चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जिसमें उन्होंने एलइडी के माध्यम से वीडियो और नुक्कड़ नाटक की टीम ने वज्रपात सुरक्षा कार्यक्रम थीम के तहत कार्यक्रम दिखाया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा उक्त टीम को मोमेंटो देकर उनके कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उक्त प्रति कार्यक्रम का समापन कर विदा दी। जनपद में वज्रपात की घटनाओं पर भारत सरकार की टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया तथा लोगों को बताया गया कि वज्रपात कब और कैसे कहां किन-किन स्थानों में हो सकता है वहां पर रहने वाले व्यक्ति किस तरीके से सावधानी बरतें वर्षा ऋतु में क्या करना है क्या नहीं करना है इस पर विस्तृत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई नुक्कड़ नाटक करके लोगों का मनोरंजन के साथ-साथ एक संदेश बचपन सुरक्षा का दिया गया

## कोटेदार को दबंगों ने किया अपमानित, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम रनगांव निवासी लीलाधर अहिरवार पुत्र टीकाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में लीलाधर ने बताया कि उसकी पत्नी राजाबाई ग्राम पंचायत रनगांव की कोटेदार है। बताया कि वह सहयोग करके पत्नी के साथ राशन की दुकान का संचालन करता है।

बताया कि माह अगस्त का खाद्यान्न वितरण नियमानुसार चल रहा था कि 3 अगस्त को गांव के पहलवान पुत्र हुकुम सिंह, हरपाल सिंह पुत्र प्रताप सिंह लोधी एकराय होकर आये और जबरन राशन देने की बात कही। इस पर कोटेदार द्वारा पहले कार्ड धारक के होने की बात कहते हुये थोड़ी देर बाद राशन लेने की बात कही। इस पर आक्रोशित होकर उक्त लोगों ने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित कोटेदार ने बताया कि इस घटना के बाद से राशन वितरण कार्य बाधित हो गया और अब उसका पूरा परिवार भयभीत है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

अगस्त क्रांति के उपलक्ष्य में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान ने निकाली शंखनाद रैली

# स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता लाने 25 हजार पंपलेट वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत अगस्त क्रांति के उपलक्ष्य में ललितपुर जिले में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता को लेकर स्वदेशी जागरण मंच ललितपुर एवं स्वावलंबी भारत अभियान ललितपुर के तत्वाधान में जनपद स्तर के समस्त सामाजिक व्यापारिक संगठनों ने सामूहिक सहयोग से स्वदेशी के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक विशाल शंखनाद रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। शंखनाद रैली का प्रारंभ तुवन मंदिर प्रांगण से किया गया, यह रैली तुवन मंदिर से प्रारंभ होकर घंटाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा साईं मंदिर होते हुए वापस तुवन मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई. इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के साथियों ने स्वदेशी के प्रति जागरूकता लाने के लिए अपने उदगार व्यक्त किये। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत शंखनाद कार्यक्रम विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो का संचालन स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक इंजी.हाकिम सिंह के नेतृत्व में अभियान संयोजक रामेश्वर मालवीय, रुचिका सिंह बुंदेला, विनोद शर्मा के संयोजन में विद्यालय के बच्चों एवं विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। अभियान के संयोजन में प्रमुख रूप से शुभम कौशिक, भरत




रिछारिया, डा.प्रबल सक्सेना, बृजेंद्र सिंह गौर एवं विकास झा का सहयोग सराहनीय रहा। लायंस क्लब ललितपुर के सभी संगठनों ने अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं बच्चों को मिष्ठान वितरण किया। सेंट्रल पब्लिक स्कूल, जीडी मेमोरियल स्कूल, प्रशांति विद्या मंदिर एवं जय गुरुदेव बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने रैली में प्रतिभा कर स्वदेशी अपनाने के लिए नारे लगाए। शंखनाद रैली में बच्चों का उत्साह सराहनीय रहा। कार्यक्रम में लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी लायंस गवर्नर सन्मति सराफ, महेंद्र सिंह बुंदेला पप्पू राजा, उमाशंकर चौबे, कैलाश अग्रवाल, अंकुर जैन सानू बाबा, प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन से जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, महामंत्री धुरव साहू, संरक्षक अक्षय अलया, व्यापार मंडल से महेंद्र जैन मयूर, मुन्ना लाल, विश्व हिंदू परिषद से सुधांशु हुंडैत, विश्व हिंदू परिषद से नवल किशोर सोनी, विश्व हिंदू महासंघ से अक्षय अलया, डा.राजकुमार जैन, मुकेश मुडरा, पतंजलि योगपीठ के स्वदेशी जागरण अभियान से अनुराग चतुर्वेदी, मुकेश साहू, रामबाबू राजपूत, लधु उद्योग भारती से दिनेश साहू, बाल कल्याण समिति विद्या भारती से ओम शंकर आदि मौजूद रहे।

## स्कूल में शिक्षकों की आपसी खींचतान का नतीजा, प्लानिंग से बनाया वीडियो

# जब पीएमश्री स्कूल की स्मार्ट क्लास में सीनियर छात्रों के सामने चली पॉर्न मूवी!

### *जब वीडियो बनाया गया तब स्मार्ट क्लास में नहीं था कोई शिक्षक, वायरल हुआ वीडियो*

### *आज जांच करने स्कूल पहुंचेगा जांच दल, शिक्षाधिकारी को देगा अपनी रिपोर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया के बताए जाने वाले पोर्न वीडियो ने जिले के शिक्षा जगत को शर्मसार करते हुए एक बार फिर कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की मनमानी और लापरवाही के चलते नाबालिग मानसिकता रखने वाले छात्रों पर इस घटना का विपरीत असर पडेगा।

वायरल हो रहा वीडियों पुराना बताया जा रहा है परंतु इस पर अभी तक संबंधित प्राचार्य द्वारा कोई कार्रवाई न करना जरूर उनकी छात्रों के प्रति जबाबदेही पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। क्यों प्राचार्य ने शिक्षा विभाग से लेकर पुलिस को इसके बारे में समय पर सूचित नहीं करा। जिससे समय पर जांच




हो जाती और अपराधीयों को इस षडयंत्र की सजा भी मिल जाती।

### पीएमश्री प्राचार्य हेमंत बोले यह पुराना वीडियो है

इसके बारे में जब प्राचार्य हेमंत यादव से बात की गई और मामले की सच्चाई जानना चाही तो प्राचार्य ने इसको खुद के कार्यकाल का न बताते हुए इसे पूर्व को होना बताया तो क्या पूर्व में हुई लापरवाही और स्कूल को बदनाम करने की साजिश की सजा किसी को नहीं मिलेगी। अब जब बात आगे बडी तो मामला पुलिस एवं विभाग के संज्ञान मे पहुंच गया है और हडकंप मचा हुआ है।

### बाई-फाई और एप से चलने वाली स्मार्ट टीवी की कमान कैसे पहुंची छात्रों के हाथ

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वीडियों की खासियत यही है कि जब इसको सूट किया गया तब वहां पर कोई शिक्षक उपस्थित था फिर किसने मोबाइल में बाईफाई का पासबर्ड डाला और अस्लील वीडियों प्ले कर दिया। यह जांच का विषय है यदि यह स्कूल हो या किसी शिक्षक को अपमानित करने के उद्धेश्य से किया गया है तो संबंधित पर कडी कार्रवाई होना चाहिए।

**इनका कहना है-**

बहुत ही शर्मनाक घटना है हमने जांच दल बना दिया है आज ही दल वहां जाएगा और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

करण सिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़

---

## सारंगपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# डकैती की योजना बनाते हुए 14 लोगों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर



थाना सारंगपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे 14 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस को 11 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे टेंचिंग ग्राउंड सारंगपुर के समीप कुछ संदिग्ध लोग हथियारों से लैस होकर वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के निर्देशन में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी, जहां 10-15 लोग बैठे शराब पीते और डकैती की योजना बनाते मिले।

पुलिस ने घेराबंदी कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 13 लोग शाजापुर जिले के और एक देवास जिले का निवासी है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे तारागंज रोड पर बने पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे थे। मौके से पुलिस ने धारदार चाकू, टामी, स्टील का बका समेत अन्य सामान बरामद किया। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 310(4), 310(5) बीएनपीएस एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने इनके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी अन्य थानों को भी भेजी है।

### गिरफ्तार आरोपियों में प्रमुख नाम

प्रमोद शाजापुर, जितेंद्र शाजापुर, सचिन शाजापुर, करूण सिंह शाजापुर, मनीष शाजापुर, पप्पू शाजापुर, पप्पू शाजापुर, मायाराम शाजापुर, देवी शाजापुर, अजय शाजापुर, सोनू शाजापुर, कपिल शाजापुर, पिंटू शाजापुर, भोजराज शाजापुर इस कार्यवाही में उनि अमित त्यागी, उनि जीएस परस्ते, उनि भंवर सिंह भूरिया, उनि मनोहर सिंह ठाकुर, सउनि आनंदी लाल भिलाला, सउनि रवि प्रताप बिमल, सउनि जमना प्रसाद, सउनि हरिनारायण यादव, प्र आरक्षक सूरज चावरिया, मोईन, नवीन राजपूत, दीपक, धर्मेन्द्र, शिव दांगी, राजवीर, आर चालक गजेन्द्र राठौड की भूमिका रही।

---

# विभागों से सेवानिवृत्त 43 पेंशनरों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

### सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान किए पीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़



गत जुलाई माह में जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत 43 कर्मचारी 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं। मंगलवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने इन सभी कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया साथ ही उन्हें पीपीओ, जीपीओ प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पेशनरों दारा उनके सेवाकाल में की गई सेवाओं की सराहना की। समय पर पीपीओ बनाये जाने एवं समस्याओं का समय पर निराकरण किये जाने के चलते पेंशन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की भी सराहना की गई। जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे ने बताया कि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विभिन्न देयकों का भुगतान कर दिया गया है वहीं कुछ कर्मचारियों के देयक भुगतान हेतु प्रचलन में हैं। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में पवन विजयवर्गीय, डॉ. रूपसिंह परिहार, कुमार नासिर जहां, रामगोपाल नरेडा, भगवान सिंह मीणा, दीपक राव ईग्ले, भैरूलाल श्रीलाल, बापूलाल वर्मा, प्रकाश नारायण सोनी, सालिग राम पालीवाल, देवकरण वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा, बापूलाल रूहेला, सिद्धूलाल लववंशी, उर्मिला सिसोदिया, हरिओम मिश्रा, बापूलाल जाटव, दिनेश कुमार पाठक, किरण चन्द्र सक्सेना, प्रमिला विजय, रामचन्द्र वर्मा, रंजना खरे, मुबारिक खान, जाहिद उल्लादह, अरूण सक्सेना, राजाराम मालवीय, मधुलता शर्मा, जगदीश प्रसाद लुहार, सिंघनाथ वर्मा, देवचन्द्रा दांगी, रमेश चन्द्र पंवार, चंद्रशेखर वर्मा, हरिराम वर्मा, मोहनलाल स्वर्णकार, हरेन्द्र सिंह खिंची, मोहन मुरारी शर्मा, चंद्रकांत दवे, श्यामबाबू, जगदीश चन्द्र कोली, रघुनंदन शर्मा, अमृतलाल, नन्द किशोर एवं अनोखीलाल राठौर उपस्थित रहे शामिल हैं।

---

# बीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने हासिल की उपलब्धि



**ब्यावरा।** नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल के लिए 12 अगस्त का दिन बहुत विशेष रहा । संस्था को एक ही दिन में दो विशेष खेल उपलब्धि हासिल हुई हैं । पहली संस्था की कक्षा 9 की छात्रा शिवानी दाँगी का चयन जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु हुआ । छात्रा ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता में प्रोगेसिव हाइट्स की प्रतियोगी को हरा कर जिला स्तर में अपनी जगह बनाई है । दूसरी और सबसे अहम उपलब्धि संस्था के दो छात्रों ज्योतिराज प्रजापति और हरिओम प्रजापति का राज्य खेल अकादमी में प्रशिक्षण हेतु चयन रहा । ज्ञात हो कि दोनों ही छात्र इसके पूर्व ब्लाक से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संस्था और परिवार का नाम रोशन कर चुके हैं । तथा साथ ही हाल फिलहाल में दोनों छात्रों का चयन अंतर्राष्ट्रीय ट्रायल हेतु भी हुआ है । दोनों ही छात्र अब आगे के प्रशिक्षण हेतु राज्य खेल अकादमी में रहेंगे । जहां उन्हें ए ग्रेड श्रेणी की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। छात्र -छात्रों की इस सफलता पर संस्था समिति अध्यक्ष आर एस राजपूत , समिति सदस्य कृष्णा भदौरिया, मन्जू गुप्ता, सुमित्रा भट्ट एवं संस्था प्राचार्य एस के जैन तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

---

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री का विरोध, गृहमंत्री को लिखा पत्र

### ई-कामर्स कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़



इन दिनों देश में ई-कामर्स कंपनियों द्वारा विभिन्न तरह के सामानों एवं उत्पादों को ऑनलाईन तरीके से आमजनों के घरों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में कुछ कंपनियों ने दवाईयों को भी ऑनलाईन बेचना शुरू कर दिया है। इसी के विरोध में अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखते हुए दवाईयों की ऑनलाईन बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित कर संबंधित ई-कामर्स कंपनियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

राजगढ़ दवा विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं सचिव गिरिराज गुप्ता ने बताया कि ऑनलाईन दवा के प्रचलन से देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग में 55 फीसदी की वृद्धि हुई है। अवैध ई-फार्मेसी एवं क्विक कामर्स प्लेटफार्म वाली कंपनियां जैसे जेप्टो, ब्लिकिट आदि बगैर चिकित्सकीय पर्चे के जिले समेत देशभर में ऑनलाईन दवाएं सप्लाई करने में लगी हुई हैं। नशीली दवाओं की आसानी से उपलब्धता के कारण उनका दुरुपयोग हो रहा है और युवा पीढ़ी नशे का शिकार होती जा रही है।

### पत्र में यह भी किया उल्लेख

दवा विक्रेता संघ द्वारा गृहमंत्री को लिखे गए उक्त पत्र में यह भी उल्लेख है कि विदेशी वित्त पोषित स्टार्टअप दवाओं को सामान्य वस्तुओं की तरह लोग इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे देश के सकल घरैलू बाजार को नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही ऑफलाईन दवा विक्रेताओं पर शासन और सरकार सख्त नियंत्रण रखती है वहीं इन ऑनलाईन कंपनियों के विक्रेताओं पर सरकार का कोई अंकुश नहीं रह गया है।

---

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जिला स्तरीय गतका प्रतियोगिता हुई

### राजगढ़, नरसिंहगढ़, ब्यावरा व सारंगपुर से 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया



**ब्यावरा।** शहर से विवेकानंद स्कूल, मानस स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर राजगढ़ के चयनित प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के 11 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। चयनित खिलाड़ियों में अवनीश नायक, महेंद्र यादव, हर्ष लववंशी, रघुवीर धनगर, कार्तिक विश्कर्मा, अरविंद दांगी, धर्मेंद्र साहू, नैना शर्मा, पायल मैहर, पायल वर्मा और पूर्ति मेवाडे शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी 18-19 अगस्त को भोपाल में होने वाली संभागीय प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के सह सचिव मुकेश सेन ने खिलाड़ियों को गतका खेल और शारीरिक गतिविधियों के महत्व के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्य राजीव यादव ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शालेय क्रीड़ा के संगठन सचिव देवेंद्र सक्सेना, वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र झाला, खेल शिक्षक अंकित विश्वकर्मा, धर्मराज दांगी, हर्षित वर्मा, आयुष मेवाडे, खेल शिक्षिका विद्या चैहान और किशन बैरागी सहित कई लोग मौजूद रहे।

---

## शिव मंडल के सदस्य प्रतिदिन समय पर एक पाठ पढ़ते हैं

# त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर पर 84 वर्षों से श्रावण में निरंतर जारी है रामायण पारायण

**जीरापुर।** होल्कर स्टेट में देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर शिव चैक में विगत 84 वर्षों से रामायण पारायण पाठ का भव्य आयोजन होता आ रहा है। श्रावण मास में आयोजित इस रामायण पारायण में शिव मण्डल के सदस्य प्रतिदिन समय पर आकर रामायण का एक पाठ पढ़ते हैं तीस दिन उपरांत दो दिवसीय आयोजन जिसमें प्रथम दिवस सत्यनारायण भगवान की कथा पं. सुरेश बिहारी जी नागर के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तों को श्रवण करवाई जाती है तथा द्वितीय दिवस भगवान त्रयंम्बकेश्वर महादेव की पालकी भव्यता से नगर भ्रमण पर निकाली जाती है।जिसमें विभिन्न झांकीयां सजाकर धुमधाम से मां शारदा कीर्तन मण्डल एवं बजरंग भजन मण्डल के कलाकारों द्वारा भगवान के भजनों पर झूमते गाते बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त चलते हैं।

पालकी के साथ नन्दी, शिवलिंग, शिव-परिवार की झांकी रहती है वहीं नगर के चैपड़ा बाजार , बुधवारिया बाजार, जवाहर चैक, इंदर चैराहा, स्वामी विवेकानंद चोराहा ,बस स्टैंड ,गांधी बस्ती, भावसार मोहल्ला ,शाहजी मोहल्ला से मंदिर परिसर पहुंचती है मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया जाता है एवं महादेव कि पुजा अर्चना करके श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करते है। इस दौरान घोड़े पर सवार होकर ध्वज धारण कर पं.रामेश्वरदयाल तिवारी एडवोकेट चल रहे थे। मंदिर पर रामायण पारायण पूर्णाहुति पर पं. स्वप्निल व्यास एवं पं. अजय शर्मा द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार कर हवन में आहुतियां दिलवाई गई। मेडतवाल समाज धर्मशाला मे भण्ड़ारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों महिला पुरुष युवाओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।

---

### विद्यालय को स्वच्छ बनाए रखने का लिया संकल्प

**सुठालिया।** मंगलवार को स्वच्छ सुजल गांव संकल्प के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक, शिक्षिकाओं ने छात्राओं के साथ शपथ एवं संकल्प लिया गया कि हम सभी मिलकर अपने विद्यालय, गांव ,शहर और देश को स्वच्छ बनाएंगे एवं विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपना अमूल योगदान देंगे। संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर ने छात्राओं को इस कार्यक्रम एवं स्वच्छता के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक छात्राए उपस्थित रहे।

### बाल्मीकि समाज ने निकाली छड़ी यात्रा

**कुरवाई।** बाल्मीकि समाज द्वारा रविवार को जाहरवीर गोगा जी महाराज की छड़ी निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा माता बाग मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई जाहरवीर गोगा जी महाराज के मंदिर पर समापन हुई। यात्रा में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने शामिल होकर छड़ी निशान की पूजा-अर्चना की।

---

## चिकित्सक नहीं होते उपलब्ध

# पशु चिकित्सा के दफ्तर के सामने गायों के शव रखकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़



नगर सहित जिले के विभिन्न आंतरिक मार्गों एवं हाईवे पर निरीह गोवंश हादसे का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा इन गोवंश के ठोर-ठिकाने हेतु उचित व्यवस्था न किए जाने के चलते प्रतिदिन अनेकों गायें दम तोड़ रही हैं। गोसेवकों द्वारा बीमारों गायों के उपचार हेतु जब पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को फोन लगाया जाता है तो वे भी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। इसी बात से आक्रोषित नगर के गौ-सेवकों ने मंगलवार दोपहर दुर्घटना में मृत गायों के शवों को पशु चिकित्सा विभाग के दफ्तर के ठीक सामने रखकर काफी समय तक नारेबाजी की। गोसेवकों सहित युवाओं ने आरोप लगाया कि बीमार एवं घायल गायों सहित अन्य मवेशियों के उपचार के लिए पशु चिकित्सकों को बुलाने पर वे आते ही नहीं है। इसके साथ ही पशु चिकित्सकों द्वारा कई बार फोन तक रिसीव नहीं किया जाता है। गोसेवकों द्वारा निरीह गौवंश की रक्षा एवं उपचार हेतु काफी समय तक किए गए प्रदर्शन के उपरान्त विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पशु चिकित्सालय में दो डॉक्टर दिन एवं रात की अलग-अलग शिफ्टों में चैबीस घंटे उपलब्ध मिलेंगे।

---

## निज निवास पर फहराया राष्ट्रध्वज

# हर घर तिरंगा अभियान में पंवार ने की सहभागिता



**ब्यावरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने मंगलवार को ब्यावरा स्थित अपने निज निवास पर राष्ट्रध्वज फहराया। मंत्री पंवार ने कहा कि यह अभियान प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान के प्रति समर्पण का संदेश देता है। तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है। इसकी शान हमेशा ऊंची रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घर, कार्यालय, मंदिर या अन्य पवित्र स्थलों पर तिरंगा फहराएं और उसके साथ सेल्फी लेकर अपलोड करें। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, मंडल महामंत्री सुमित सोलंकी, राधे दांगी,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गिर्राज लववंशी, बनवारी कुशवाहा, गगन चैहान,भारत मोंगिया,सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत प्रशासनिक अमले ने निकाली रैली



**सारंगपुर।** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को प्रशासनिक अमले ने नगर में बाइक रैली निकाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 01 स्थित खानगा फिल्टर प्लांट पर जलप्रदाय कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ-सफाई कार्य कराया। इसके पश्चात निकाय परिसर की सफाई उपरांत अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। बाइक रैली थाना परिसर पहुंची, जहां पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,एसडीओपी अरविंद्र सिंह,थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा,नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पार्षद सहित नगरीय निकाय, पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने थाना, न्यायालय, एसडीएम एवं तहसील परिसर में सफाई अभियान चलाया। संयुक्त रूप से आयोजित तिरंगा बाइक रैली थाना परिसर से शुरू होकर एसडीएम निवास चैराहा, अस्पताल रोड, बागकुंआ टंकी, रंगेरवाड़ी, सदर बाजार, गांधी चैक, जोशी दवाखाना और बस स्टैंड रोड होते हुए पुनः थाना परिसर में संपन्न हुई।

---

## पूर्व विधायक कलेक्टर से मिले

# किसानों ने जितना प्रीमियम भरा उतनी भी नहीं मिली बीमा राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़



रबी सीजन वर्ष 2023-24, खरीफ सीजन 2024 एवं रबी सीजन 2024-25 में विभिन्न कारणों से जिले के हजारों किसानों की फसलें बर्बाद हुई थीं। उक्त बर्बाद फसलों के कारण किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने के उपरान्त सोमवार को प्रभावित किसानों के खातों में पहली किश्त के रूप में 21 करोड़ 68 लाख रुपए की फसल बीमा राशि शासन द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। किसानों को उम्मीद थी कि उन्हें जितना नुकसान हुआ है उतनी ही राशि बीमा कंपनी द्वारा दी जाएगी लेकिन अनेकों किसान ऐसे हैं जिनके खातों में उतनी राशि भी नहीं है जितना की उन्होंने फसल बीमे हेतु प्रीमियम राशि जमा की थी। किसानों के साथ हुए इस अन्याय को लेकर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कलेक्टर को सौंपे पत्र में उल्लेख किया कि फसल बीमे की राशि से अनेकों पात्र किसान वंचित रह गए हैं। इसके साथ ही जिन किसानों के खातों में राशि डाली गई है उससे ज्यादा तो किसानों का प्रीमियम काट लिया गया। पूर्व विधायक श्री तंवर ने कलेक्टर से मांग की है कि फसल बीमा राशि के वितरण में हुई इस विसंगति की जांच करवाते हुए किसानों को हुए वास्तविक नुकसान जितनी राशि दिलवाई जाए।